हनुमत तेरे नाम का डंका | By Sonia Yadav

हनुमत तेरे नाम का डंका बजता चहु और है
तेरी महिमा का बालाजी तेरी महिमा का बागेश्वर
तेरी महिमा का बालाजी कोई ना छोर है

लाल लंगोटा तन पे सोहे नाम की महिमा भारी
तेरी जय जैकार करे है बाबा दुनिया सारी
किस्मत का ताला तू तो पल में दे खोल रे
तेरी महिमा का बालाजी कोई ना छोर है

राम की सेवा तेरी मंज़िल और ना कुछ भी चाहे
खाली झोली उनकी भरता जो भव से शीश झुकाये
तुझ जैसी भक्ति की ना करता मैं होड़ रे
तेरी महिमा का बालाजी कोई ना छोर है

अपने मन सियाराम बिठाये रघुकुल सेवकारी
रागी पे भी कृपा करदो आई शरण तिहारी
अब तो उतारो मारुती संकट का बोझ रे
अब तो उतारो बागेश्वर संकट का बोझ रे
तेरी महिमा का बालाजी तेरी महिमा का बागेश्वर
तेरी महिमा का बालाजी कोई ना छोर है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%a8%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%a4-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%a1%e0%a4%82%e0%a4%95%e0%a4%be-by-sonia-yadav/